
# जंग खाती कमरे में बंद डिजिटल एक्सरे मशीन, मुंह चिढ़ाता ट्रांसफार्मर

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सी आर सिस्टम लगवाने समाजसेवी देंगे प्रस्ताव

नवभारत न्यूज

**कोठी 14 सितम्बर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी के बाहर डिजिटल एक्सरे मशीन के लिए 263 केवीए का ट्रांसफार्मर लगभग एक साल पूर्व स्थापित किया गया था जो अब मरीजों का खुद ही मुंह चिढ़ा रहा है।**

मशीन अब बंद कमरे में जंग खा रही है क्योंकि सी आर सिस्टम अभी तक नहीं आया है। कब आएगा इस सवाल पर जिम्मेवार कहते हैं कि पत्राचार किया गया है जब आ जाएगा डिजिटल एक्सरे मशीन चालू कर दी जाएगी। कोई यह नहीं बताया कब तक होगा।





इस कारण डिजिटल एक्सरे मशीन की सुविधा का अभी भी इंतजार है मशीन शुरू ना होने की एक वजह यह भी है कि किसी की इच्छा शक्ति ही नहीं है और कोई जिम्मेदारी उठाना ही नहीं चाहता है तभी तो आज भी हालात वैसे ही हैं। जबकि यह राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के विधान सभा क्षेत्र का एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है।

करीब 10 महीने पहले विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए जाने के दौरान मंत्री जी द्वारा भूमि पूजन किया गया था मानो की डिजिटल एक्सरे मशीन एक सप्ताह में ही शुरू होने वाली है परंतु उसके बाद आज तक हालात जैसे के तैसे ही है और अभी भी लोग इसका इंतजार कर रहे हैं।

क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक बताया गया कि कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू ना हो पाने के कई कारण है इसके पीछे कमीशन का भी एक खेल खेला जा रहा है यदि कोठी में डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू हो जाएगी तो कई लोगों का कमीशन बंद हो जाएगा जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी से जुड़े हुए हैं।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा ने अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि पूर्व विधायक कल्पना वर्मा के कार्यकाल में डिजिटल एक्सरे मशीन की सुविधा क्षेत्र वासियों को स्वीकृत कराई गई थी परंतु अफसोस की बात है कि कोठी आज राज्य मंत्री के क्षेत्र में होते हुए भी एक्सरे मशीन नहीं शुरू हो पा रही है ।सी आर सिस्टम तो बहाना है मंत्री जी अथवा कोई भी जिम्मेदार चाहे तो 1 दिन में मशीन चालू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जल्द कांग्रेस एक बड़ा जन जागरूकता आंदोलन करेगी और जिम्मेदारों से सवाल पूछेगी और उसका सही जवाब न मिलने पर खुद इस बड़ी समस्या का समाधान करेगी।



समाजसेवी कमलेश पाठक ने कहा कि यह कोठी ही नहीं अपितु कोठी से लगे हुए सैकड़ो गांव के इलाज का मुख्य केंद्र बिंदु है और यहां पर प्रतिदिन सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं अस्पताल में इतनी भरेशाही इसके पहले नहीं देखी गई जो वर्तमान में पिछले कुछ वर्षों से चल रही है बड़ी अस्पताल एवं बड़ी सुविधा का हवाला देकर लोगों को ठगा जा रहा है और सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है अस्पताल में डीप फ्रीजर होते हुए भी वह खराब है जिससे लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है।



कोठी की नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति की टीम ने कोठी अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि यदि अस्पताल के जिम्मेदारों के बस का यह कार्य नहीं रहा तो वह हमें लिखित रूप से बता दें हमारी समिति सी आर सिस्टम की बाधा को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी खुद उठाने को तैयार है। समिति के संयोजक सदस्य इंजीनियर आशीष तिवारी ने कहा है कि अस्पताल प्रबंधन के जिम्मेदार बीएमओ अथवा सीएमएचओ हमारे समिति के साथ मीटिंग कर यह प्रस्ताव लिखित में दे दें कि यह हमारे बस की बात नहीं है तो इसके लिए जरूरी रकम जो विभाग के पास नहीं है हम अपनी समिति के माध्यम से विभाग को देने के लिए तैयार हैं ।इंजीनियर आशीष तिवारी ने कहा कि हम जल्द ही जिम्मेदारों को मीटिंग के लिए पत्र भेज कर सूचित करेंगे और मीटिंग के लिए डेट तय जाने पर शर्त रखेंगे ।

## तिनगुड़ा जसो जर्जर स्कूल मामले में एसडीएम का एक्शन

**नागौद।** तिनगुड़ा जसो के जर्जर शासकीय प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी भवन के मामले में अब प्रशासन हरकत में आया है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नागौद द्वारा पत्र क्रमांक 360/ अनु.अधि./ 2026 दिनांक 26/03/2026 जारी कर अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (PWD) नागौद को निर्देश दिए गए हैं।

पत्र में उल्लेख है कि कार्यालय जनपद पंचायत नागौद के पत्र क्रमांक 615 दिनांक 24.03.2026 से अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत जसों के तिनगुड़ा बस्ती में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है एवं किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उक्त भवन में कक्षा 01 से 05 तक के छात्र एवं आंगनवाड़ी संचालित होने से जनसुरक्षा की दृष्टि से स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। एसडीएम ने तीन बिंदुओं पर निर्देश दिए हैं।

## चोरी की घटनाओं को लेकर कोटर पुलिस सतर्क, थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से की अपील

नवभारत न्यूज

**कोटर 14 सितम्बर। क्षेत्र में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए कोटर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है।**

थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई अनजान व्यक्ति अथवा संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से कहा कि रात के समय अपने घरों और आसपास के क्षेत्र पर विशेष नजर रखें। पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर रात्रि गश्त की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर ग्रामीण बिना देर किए पुलिस को फोन करें। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेगी। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी छिपाने के बजाय तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## पकरिया के उमेश की कारीगरी ने गढ़ी देवी-देवताओं की मनमोहक प्रतिमाएं

नवभारत न्यूज

**अमदरा 14 सितम्बर। हुनर किसी शहर का मोहताज नहीं होता। प्रतिभा गांव की मिट्टी में भी जन्म लेती है और जब उसे मेहनत व लगन का साथ मिलता है तो वही हुनर लोगों के दिलों में अपनी पहचान बना लेता है।**

इसका शानदार उदाहरण पकरिया निवासी उमेश कुमार प्रजापति हैं, जो अपनी बेजोड़ कारीगरी से देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमाओं को जीवंत रूप देने में जुटे हैं।

उमेश कुमार प्रजापति ने प्रतिमा निर्माण का कार्य देवी प्रतिमाएं बनाने से शुरू किया था। उनकी बनाई प्रतिमाओं में चेहरे के भाव, आंखों की बनावट, आभूषणों की बारीकी और प्रतिमा की सुंदरता देखकर लोग उनकी कला के कायल हो गए। उनकी कारीगरी की चर्चा बढ़ी तो आसपास के लोगों ने उनसे अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनाने का आग्रह किया।

लोगों की मांग और अपनी कला के प्रति जुनून को देखते हुए उमेश ने देवी प्रतिमाओं के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाएं बनाना भी शुरू कर दिया। मिट्टी और अन्य सामग्री को अपने हुनर से आकार देकर वे ऐसी मनमोहक प्रतिमाएं तैयार करते हैं, जिन्हें देखकर उनकी कारीगरी की तारीफ किए बिना नहीं रहा जाता।



**बारीकी और मेहनत है कारीगरी की पहचान**-उमेश कुमार का कहना है कि प्रतिमा बनाना केवल एक काम नहीं, बल्कि उनके लिए कला और आस्था से जुड़ा कार्य है। प्रतिमा के हर हिस्से को आकर्षक बनाने में वे काफी समय और मेहनत लगाते हैं। यही वजह है कि उनकी बनाई प्रतिमाओं में अलग तरह की सुंदरता और जीवंतता नजर आती है।

ग्रामीण क्षेत्र में रहकर अपनी कला को आगे बढ़ा रहे उमेश कुमार यह साबित कर रहे हैं कि अगर प्रतिभा को मेहनत का साथ मिल जाए तो गांव का कलाकार भी अपनी अलग पहचान बना सकता है। जरूरत सिर्फ ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें उचित मंच देने की है।

उमेश कुमार प्रजापति की कारीगरी ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाओं की मिसाल है और यह संदेश भी देती है कौन कहता है ग्रामीणों में कलाकार नहीं होते, बस जरूरत है उनके हुनर को पहचानने की।

## स्व . सुधारकर सिंह की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 14 सितम्बर। पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह एवं उनके छोटे भाई स्व. सुधारकर सिंह के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर फल वितरण व स्मृति संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

जिसमें डॉ जी यस परिहार के द्वारा रक्तदान के लिए जागरूक किया गया और शिविर में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया ।कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के आयोजक रोहित कांत सिंह, पिता स्व. सुधारकर सिंह ने सभी रक्तदाताओं, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।





## सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में दो दिवसीय एन ए बी एच कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 14 सितम्बर। संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित विश्व ख्याति प्राप्त श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में एन ए बी एच की दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन। हाल ही में के बदले हुए स्टैंडड्र्स उनमें हुए अहम बदलावों और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने के तरीकों को समझने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में संपन्न हुआ।**

कार्यशाला में नेत्र चिकित्सालय की गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं मरीज़ों की सुरक्षा और मरीज़.केंद्रित आई केयर प्रणाली को ओर अधिक प्रभावी बनाने हेतु एन ए बी एच के द्वितीय स्टैंडर्ड पर आधारित नियमो से सम्बंधित जानकारी एन ए बी एच की फैकल्टी डॉ ;प्रोण्द्ध नवीन नीरज एवं डॉ गगन डुडेजा द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुदेव पूजन और स्व पद्मश्री डॉ बी के जैन साहब को याद करते हुए किया गया। कार्यक्रम में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के रेटीना प्रमुख वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ अलोक सेन ने कार्यशाला में आए प्रशिक्षकों का स्वागत किया एवं उक्त कार्यशाला को गुणवत्ता एवं रोगियों की सुरक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण बताया साथ ही कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों से श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित समस्त नेत्र चिकित्सालयों में सभी नए मानकों का प्रभावी रूप से पालन करने की बात कही। कार्यक्रम में श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित सदगुरु संकल्प आई हॉस्पिटल आनंदपुर शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल बरेली ;आगामीद्ध सदगुरु नेत्र चिकित्सालय काशी और सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डॉक्टर और हॉस्पिटल की टीमों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को एन ए बी एच के दूसरे एडिशन के स्टैंडड्र्स वाली हैंडबुक भी प्रदान की गई ताकि वे अपने.अपने संस्थानों में इन्हें प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। कार्यशाला में पधारे प्रशिक्षकों द्वारा सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं ट्रस्टी डॉ इलेश जैन का गुणवत्ता पर आधारित सुरक्षित और रोगी केंद्रित आई केयर प्रणाली को लागू करने हेतु प्रशिक्षण के लिए बेहतरीन मंच उपलब्ध करवाने हेतु आभार व्यक्त किया।



## पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बीएसडब्ल्यू एवं एम एस डब्ल्यू कक्षाओं का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**नागौद 14 सितम्बर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला सतना के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 13 सितंबर 2026 को जनपद सभागार, नागौद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए BSW एवं MSW पाठ्यक्रम की कक्षाओं का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में किया गया।**

कार्यक्रम में जिला समन्वयक सतना श्री आशीष ताम्रकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य श्री ए.पी. सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विकासखंड समन्वयक श्री अरुण प्रताप सिंह ने उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा BSW एवं MSW के छात्र-छात्राओं ने मास्टर ट्रेनर के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से माटी गणेश एवं सिद्ध गणेश निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमाओं के निर्माण एवं उनके महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आशीष ताम्रकार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए माटी गणेश की प्रतिमा एक बेहतर और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है। बाजार में उपलब्ध प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के विसर्जन से जल एवं पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर माटी गणेश की स्थापना एवं पूजा को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने BSW एवं MSW के छात्र-छात्राओं को अपने पाठ्यक्रम का गंभीरता से अध्ययन कर समाज एवं समुदाय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ए.पी. सिंह ने इको-फ्रेंडली गणेश एवं माटी गणेश की पूजा को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ BSW एवं MSW के विद्यार्थियों को सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष ध्रुवराज सिंह एवं नवांकुर संस्था जय गुरुदेव ग्रुप ऑफ सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के प्रतिनिधि हैं संजय कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला।



## पी .यम .श्री . विद्यालय में स्थानांतरित शिक्षिका का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

**नागौद 14 सितम्बर। पी.यम.श्री.शासकीय हाई स्कूल नागौद में पदस्थ श्रीमती बृज बाला प्रजापति माध्यमिक शिक्षक का स्थानांतरण लोकशिक्षण कार्यालय द्वारा संदीपनि विद्यालय रैगांव के लिए किया गया है।**

श्रीमती बृजबाला का विद्यालय के पठन-पाठन एवं शैक्षणिक गतिविधियों में योगदान सराहनीय रहा है। अत: शाला के प्राचार्य ए.पी.सिंह के नेतृत्व में विद्यालय परिवार द्वारा बृजबाला प्रजापति को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। एवं उनके कार्यो की प्रशंसा करते हुए सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रत्नासिंह, राकेश प्रताप सिंह, श्वेता सिंह, सीमा चौरसिया, शांति सिंह, नीलम गुप्ता, मनीषा मिश्रा, नीतू सिंह, राम प्रकाश, मुलिया देवी, गायत्री सिंह, सेफाली श्रीवास्तव, माया बागरी, ज्योति सिंह, अमिता श्रीवास्तव, शांति अहिरवार, आशीष कुमार गर्ग, मिताली सर्राफ, ज्योति सोनी, सुधा सोनी, प्रीती रजक, भक्तित्रिपाठी, यश श्रीवास्तव, दीपक रैकवार एवं विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।



### एक नजर में



## चित्रकूट में मंदाकिनी बाढ़ के बाद किया सफाई

**चित्रकूट ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मझगवां की नवांकुर संस्था के अंतर्गत जय बिरसा मुंडा ग्रामीण विकास एवं शोध समिति, बांका और शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के संयुक्त सहयोग से चित्रकूट में माँ मंदाकिनी के तटों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हाल ही में आई भीषण बाढ़ के बाद क्षेत्र में जनजीवन को सामान्य बनाना था। बाढ़ के उतरने के बाद पवित्र घाटों और तटीय क्षेत्रों पर भारी मात्रा में मलबा, गाद और कचरा जमा हो गया था, जिससे आवागमन और धार्मिक गतिविधियों में बाधा आ रही थी। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, श्रीमती सोना बाई सिंह गोड़ राजेश त्रिपाठी बृजेंद्र सिंह के आह्वान पर नवांकुर संस्था, शिवा ग्रामीण विकास संस्थान तथा विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर भारी श्रमदान किया। कार्यकर्ताओं ने मिलकर तटों से सारा कचरा और कीचड़ साफ किया, जिससे घाटों को पुन: सुरक्षित और श्रद्धालुओं के योग्य बनाया गया। दोनों संस्थाओं के इस संयुक्त प्रयास और प्रेरणादायक जन-सहयोग की स्थानीय स्तर पर चौतरफा सराहना हो रही है।

## धूमधाम से केशरवानी वैश्य समाज आज मनायेगा मैहर में कश्यप जयन्ती



**मैहर।** केशरवानी वैश्य समाज मैहर के तत्वाधान में मंगलवार 15 सितम्बर 2026 को स्थानीय सरना पैलेस मैहर में शाम सात बजे से कश्यप जयन्ती समारोह के मुख्य अतिथि श्रीकान्त चतुर्वेदी विधायक मैहर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष कमलेश सुहाने जिला अध्यक्ष भाजपा मैहर विशिष्ट अतिथि रावेन्द्र गुप्ता खरे केशरवानी प्रादेशिक सभा विशिष्ट अतिथि रामलखन गुप्ता प्रदेश महामंत्री खरे केशरवानी प्रादेशिक सभा विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंजू लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता पार्षद वार्ड क्र 14 नगर पालिका मैहर के साथ ही संरक्षक मण्डल ओमप्रकाश गुप्ता, रामबली गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, संजय गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, संतोष केशरवानी, राजाराम गुप्ता की उपस्थिति में समाज के अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, महामंत्री राहुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष सजू गुप्ता, सुभाष गुप्ता, मुन्नालाल केशरवानी, मनीराम गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष गणेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, सह सचिव रामलखन गुप्ता, राजू गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, सौरभ गुप्ता, मीडिया प्रभारी संजीव कुमार गुप्ता ने सभी सामाजिक बंधुओ से कार्यक्रम मे शामिल होने का अनुरोध किया है.

# धूमधाम से मनाई जाएगी महर्षि कश्यप जयंती

## चल समारोह सहित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन

नवभारत न्यूज

**कोठी 14 सितम्बर । कसौधन समाज द्वारा महर्षि कश्यप ऋषि जी की जयंती का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा।**

कोठी के कसौधन वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को महर्षि कश्यप ऋषि जी की जयंती के पावन अवसर पर समारोह पूर्वक आयोजन आयोजित किए जाएंगे जिसमें चल समारोह सहित सांस्कृतिक आयोजन भी आयोजित होंगे बस स्टैंड गुप्ता कॉलोनी से चल समारोह का आयोजन प्रारंभ कर कोठी नगर का भ्रमण करते हुए समुदाय के लोग कसौधन वैश्य धर्मशाला पहुंचेगे इसके उपरांत धर्मशाला परिसर पर समारोह पूर्वक रंगा रंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा वैसे समाज के अध्यक्ष रवि गुप्ता सर कोषाध्यक्ष अमर गुप्ता सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सम्मानित जनों ने सभी समाज के सजातीय जनों से आयोजन में सम्मिलित होने की विनम्र अपील की है।

## आपत्तिजनक टिप्पणी पर सार्वजनिक माफी मांगें स्वरा भास्कर : रमेश खंगार

### गढ़कुंडार महोत्सव की तैयारियों को लेकर क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 14 सितंबर। खंगार क्षत्रिय समाज की महत्वपूर्ण बैठक झांसी क सर्किट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में आगामी गढ़कुंडार महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार.विमर्श किया गया। महोत्सव को भव्य गरिमामय एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से सुझाव लिए गए तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां तय करने पर चर्चा हुई।**

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष खंगार क्षत्रिय समाज रमेश खंगार नन्ना ने कहा कि गढ़कुंडार महोत्सव समाज के गौरव संस्कृति इतिहास और एकजुटता का महत्वपूर्ण आयोजन है। महोत्सव में समाज की गौरवशाली विरासत के साथ सामाजिक सहभागिता को प्रमुखता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सभी लोगों को सामूहिक रूप से सहयोग करना होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान शिक्षा खेल प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले समाज के प्रतिभाशाली एवं अग्रणी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से बच्चों और युवाओं का उत्साह बढ़ेगा तथा अन्य युवा भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे। बैठक में समाज की आपसी एकजुटता मजबूत करने युवाओं को शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने और महोत्सव में अधिक से अधिक समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने आयोजन की तैयारियों को समय से पूरा करने तथा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। इसी दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार नन्ना ने अभिनेत्री स्वरा भास्कर द्वारा पूजनीय राजकुमारी केशर देयी खंगार जी एवं चंदेरी गढ़ की वीरांगना महारानी मणी माला खंगार जी तथा मेवाड़ के चित्तौड़गढ़ की वीरांगनाओं के जौहर से संबंधित कथित रूप से अनुचित अवांछनीय एवं अमर्यादित शब्दों के प्रयोग को लेकर कड़ा विरोध जताया। यह जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर ने दी

